دہلی کلاتھ مل یا انسانوں کا بوچڑ خانہ؟

"سر" شری رام غور کریں!

- آج تہذیب کی سیڑھی پر انسان اور سماج اونچا اُٹھتا جا رہا ہے۔ ایسا خیال کیا جاتا ہے!
- انسان کو چھوڑیئے۔ حکومتیں حیوانوں پر بے رحمی کو روکنے کا انتظار کر رہی ہیں۔
- لیکن قوم کی خدمت کی آڑ میں تجوریاں بھرنے والے سرمایہ دار کارخانوں میں کام کرنے والے مزدوروں کو ان حیوانوں کے برابر بھی درجہ دینے کو تیار نہیں۔
- ملک کی راجدھانی دھلی کے سب سے بڑے کارخانہ مالک "سر" شری رام کے دہلی کلاتھ مل میں انسانوں کو منافعوں کیلئے بے روک ٹوک قربانی کا اکبر اپنایا جا رہا ہے!
- منافعوں کی طمع میں ایک مزدور سے چار کا کام لیکر پیسہ بچانے کیلئے نئی مشینوں میں حادثوں سے بچاؤ کا انتظام نہ کرکے مشینوں کی رفتار حد درجہ سے بڑھا کر چارج شیٹ اور برطرف کرنیکے نوٹسوں سے زبردست دہشت پھیلا کر مزدور کو آٹھ گھنٹہ تک پانی پینے یا رفع حاجت تک کا موقعہ نہ دے کر غیر اُن پر ہر طرح کا ناجائز دباؤ ڈال کر۔ کلاتھ مل منتظمان مزدوروں کا خون چوس رہے ہیں۔
- چوبیس گھنٹوں میں ۲۳/۱۱/۵۹ اور ۲۴/۱۱/۵۹ کی صبح کے درمیانی وقفہ میں چار انسان مالکوں کے منافعوں کی قربانگاہ کی بھینٹ چڑھ چکے ہیں۔ مل کے بجلی گھر میں شری کرن سنگھ۔ برجی رام اور رام سہائے۔ بجلی کی موٹروں سے نکلتے ہوئے دھدکتے شعلوں سے کوئلہ بن کر اروِن ہسپتال پہنچ چکے ہیں۔ کوئلہ کی "کنویر بیلٹ" پر کام کرتے سردار کندن سنگھ کا داہنا ہاتھ جڑ سے اُکھڑ کر بیلٹ میں رہ گیا۔ یہ بہادر دیش بھگت مزدور بھی اروِن ہسپتال میں زندگی اور موت کے بیچ لٹک رہا ہے۔
- ہر روز ایک نہ ایک حادثہ مزدور کو مُنہ پھاڑے نگلنے کو تیار ہے۔
- سرکار کا فیکٹری محکمہ نہ جانے کہاں سو رہا ہے؟
- کیا وہ نہیں جاگے گا۔ جب تک مزدور کے صبر کا پیمانہ لبریز نہ ہو جائے؟

بی۔ ڈی جوشی جنرل سکریٹری۔ کپڑا مزدور ایکتا یونین (رجسٹرڈ) گئوشالہ گیٹ ڈبل پھاٹک روڈ کشن گنج۔ دھلے

देहली क्लौथ मिल या इंसानों का बूचड़खाना?

'सर' श्रीराम ग़ौर करें !!

- आज सभ्यता की सीढ़ी पर मनुष्य और समाज ऊंचा उठता चला जा रहा है ऐसा विचार किया जाता है।
- इंसान को छोड़िए हकूमतें हैवानों या पशुओं पर बेरहमी को रोकने का इन्तज़ाम कर रही हैं।
- लेकिन देश सेवा की आड़ में तिजौरियां भरने वाले सर्मायेदार कारखानों में काम करने वाले मज़दूरों को इन पशुओं के बराबर भी दर्जा देने को तैयार नहीं।
- देश की राजधानी देहली के सब से बड़े उद्योगपति 'सर' श्रीराम के देहली क्लौथ मिल में मुनाफ़ों की बलिवेदी पर धड़ाधड़ इंसान कुर्बान किए जा रहे हैं।
- मुनाफ़ों की होड़ में एक मज़दूर से चार का काम लेकर खर्चे बचाने के लिए नई मशीनों में मार से बचने (यानी 'सेफ्टी') का इंतज़ाम न करके मशीनों की चाल हद दर्जे तक बढ़ाकर, चार्जशीट, और नौकरी से निकालने के नोटिसों से निरंकुश दमन करके- मज़दूर को आठ घंटे तक पानी पीने या लघुशंका तक के लिए छूट न देकर और उनपर हर तरह का नाजायज़ दबाव डालकर क्लौथ मिल मैनेजमेंट मजदूरों का निर्मम शोषण कर रहा है।
- चौबीस घंटोंमें २३-११-५९ और २४-११-५९ की सुबह के बीच चार इन्सान मालिकों के इस नरमेध यज्ञ में आहुती का काम कर चुके हैं मिल के बिजली विभाग के सर्वश्री करणसिंह, बुर्जीराम और राम सहाय बिजली की मोटरों से निकलती हुई धधकती ज्वाला से कोयला बनकर इर्विन हस्पताल पहुंच चुके हैं। कोयले की कन्वेयर बैल्ट पर काम करते करते स० कुन्दनसिंह का सारा दायां हाथ जड़ से उखड़ कर बैल्ट में रह गया. यह बहादुर देशभक्त मज़दूर भी इर्विन हस्पताल में जीवन और मौत के बीच लटक रहा है।
- हर रोज़ एक न एक दुर्घटना मुंह फाड़े मज़दूर को निगलने को तैयार है।
- सरकार का फ़ैक्टरी विभाग न जाने कहां सो रहा है। क्या वह नहीं जागेगा। जब तक मज़दूर के सब्र का प्याला छलकने न लगे।

बी. डी. जोशी

महामंत्री — कपड़ा मज़दूर एकता यूनियन

गौशाला गेट- डबल फाटक रोड, किशनगंज- देहली

(कोह नूर प्रेस लाल कुंवां, दिल्ली)

१.

मिल कामगार यूनियन की १ली अप्रैल १९५८ से ३१ मार्च १९५९ तक की संगठनात्मक रिपोर्ट

मिल कामगार यूनियन और मज़दूर वर्ग की एकता

१९५० के अंत में यूनियन के लाल कार्यकर्ता जेल से छूट गये। इस वक्त यूनियन की हालत बिल्कुल छिन्न भिन्न थी। पिछले तीन वर्षों के दमन ने लाल झंडे के प्रति मज़दूरों में काफ़ी आतंक पैदा कर दिया था। जूने कार्यकर्ता भी इस आतंक के शिकार थे।

यूनियन का लाल कानूनी और आन्दोलन का काम काज ठप जैसा हो गया था। एक ही होल-टाइमर कॉ. राठोड़ थे जो दोनों वक्त यूनियन के आफिस को खुला रखते थे। अब यूनियन को पुनर्जीवित करने का काम मुख्य था।

जूने कार्यकर्ता मिलों में यूनियन का काम करने में घबराते थे। ऐसी परिस्थिति में काम करने का ऐसा तरीका ढूंढ़ निकालने की जरूरत थी जिसके अपनाने से यूनियन के तमाम कार्यकर्ताओं को क्रियाशील बनाया जा सके। इसी दौरान में मोनोग्राफ मिल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग में मोनोग्राफ मिल के एक

कार्यकर्ता ने "स्वतंत्र" कमेटी बनाने का सुझाव
रखा। यहीं "स्वतंत्र" कमेटी के सुझाव में से
"संयुक्त कमेटी" का विचार पैदा हुआ। मिल कामा-
दार यूनियन ने संयुक्त कमिटियों का नारा दिया।
इस नारे का जोरदार स्वागत हुआ। कितने ही
मिलों में संयुक्त कमिटियां बनने लग गईं। अलग
अलग ख्याल के मजदूरों को नीचे से ठोस प्रश्नों
पर, ख्याल करके रेशनलाइजेशन और आटोमेटिक
सांचों के विरुद्ध चलाये गये आन्दोलनों में, एक
करने में इन संयुक्त कमिटियों ने महत्वपूर्ण
भूमिका अदा की है। इस ~~तथ्य~~ तथ्य से इंकार नहीं
किया जा सकता।

यह सब कमिटियां मिल कामदार यूनियन की
अगवानी में बनी। कानूनी कामकाज से लेकर आन्दोलन
चलाने तक सारी की सारी लाइन मिल कामदार यूनियन
ही देती थी।

आरंभ से ही इन कमिटियों का स्वरूप Rival
यूनियन जैसा था। उनका हिसाब किताब सब अलग
था। हर एक मिल की संयुक्त कमेटी का लवाजम
उठाने की बुक अलग थी। उनका अपना प्रमुख,
मंत्री, खजांची सब कुछ अलग था। यूनियन को वे
फी केस पीछे या तो मासिक एक निर्धारित रकम
देती थीं।

यहां पर संयुक्त कोमिटियों की शव-परीक्षा करने का स्थान नहीं है। भूतकाल में भी उनके बारे में कितने ही प्रश्न उठाये गये हैं और आज भी उठाये जा सकते हैं। जैसे कि :- संयुक्त कोमिटियों का स्वरूप सही था या नहीं? उनका संचालन मिल कामदार यूनियन द्वारा होता था, तो मिल कामदार यूनियन उनके संचालन में क्या गलतियां कीं? यहां नारा सही था या नहीं?

इन सब प्रश्नों की छान बीन करना आज निरर्थक है। यह सब कोमिटियां अब विसर्जित कर दी गई हैं और इनके अवशेष मिल कामदार यूनियन में मिला दिये गये हैं।

इन कोमिटियों के द्वारा बहुत से ठोस सवालों पर, खास करके औद्योगिक जांचों के विरोध में आन्दोलन खड़ा करने में मिल कामदार यूनियन ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, परन्तु नीचे से मज़दूर वर्ग को इन ठोस प्रश्नों पर एक करने में मिल कामदार यूनियन ने सफलता हासिल की है। लाल, सारंगपुर मिल, और केलिको मिल के आन्दोलन इसके ज्वलंत प्रमाण हैं।

संयुक्त कोमिटियों द्वारा ठोस प्रश्नों पर आन्दोलन चलाने और नीचे से टेक्सटाइल मज़दूरों को एक करने के साथ साथ मिल कामदार यूनियन ने दूसरी मज़दूर संस्थाओं को — मज़दूर सभा (P.S.P. संचालित) मज़दूर मंडल (स्वतंत्र) — आदि को भी एक करने के निरंतर प्रयास किये हैं। परन्तु मज़दूर सभा और मज़दूर मंडल ने एक होकर आन्दोलन चलाने से

इंकार किया है।

केलिको मील का आन्दोलन बहुत ही शानदार रहा। भूख हड़ताली कामदारों की मांगों के समर्थन में जमालपुर वाडे के तमाम व्यापारियों ने भी एक दिन की हड़ताल की। अहमदाबाद के मज़दूर आन्दोलन में पहिली मर्तबा मज़दूरों की मांगो के समर्थन में व्यापारियों ने हड़ताल की। दस हजार के जुलूस और २० हजार की मीटिंगे इस आन्दोलन के दौरान में ही हुई।

इस आन्दोलन की मुख्य विशेषता यह थी कि अलग २ विचार के मज़दूरों ने — मज़दूर सभा, मज़दूर मंडल और कहीं कहीं पर महाजन में मानने वाले मज़दूरों ने भी — भूख हड़ताली मज़दूरों के समर्थन में 3.3 बजे और रात को बारा बजे जुलूस निकाले, फंड इकट्ठा किया और आन्दोलन को सफल बनाने में सम्पूर्ण सहयोग दिया।

विरोधी यूनियनों ने सिर्फ असहकार ही नहीं रखा। परन्तु कभी कभी इन आन्दोलनों का सक्रिय विरोध भी किया। सारंगपुर मील के आन्दोलन के वक्त मज़दूर मंडल ने विरोध में एक पत्रिका भी निकाली थी। केलिको मील में अधिभार के सांचों के प्रश्न पर जो १२ जून से हड़ताल होने वाली थी इसके विरोध में, मज़दूर मंडल के जनरल सेक्रेटरी श्री चन्द्रकान्त दरू ने अखबारों में निवेदन भी किया था।

सबसे ज्यादा इन आन्दोलनों का विरोध मज़दूर महाजन की तरफ़ से हुआ। उसने कितनी पत्रिकाएं बांटी। मिलकामदार यूनियन को जी भरकर गालियां दी और पूरी मशीनरी इन आन्दोलनों के विरोध में लगा दी।

सीकर भी खामोश न रही। कैलिको मिल और १२ जून की हड़ताल के वक्त हर मिल के फाटक पर पुलिस तैनात कर दी गई। मज़दूर इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा बैठा दिया गया। जमालपुर वाडे पुलिस कैंप जैसा लगता था। मुख्य हड़ताली मज़दूरों, मय मिल कामदार यूनियन के उपप्रमुख कॉ. अब्दुल रज़ाक शेख बाबन को गिरफ्तार कर लिया गया।

मिल कामदार यूनियन की आगेवानी में संयुक्त — कमिटियों द्वारा चलाये गये इन आन्दोलनों ने जूने सांचे उखाड़ कर आधुनिक सांचे दाखिल करने की मिल मालिक और मज़दूर महाजन की चाल को नाकामयाब किया, एक हद तक रेशनलाइज़ेशन पर रोक लगी। मिल कामदार यूनियन की इज़्ज़त भी बहुत ज्यादा बढ़ी।

परन्तु इन आन्दोलनों और कमिटियों के संचालन में गंभीर गलतियें भी हुई हैं। कमिटियों का Rival यूनियन का स्वरूप जारी रहा। कमिटियों के हिसाब का भी ठिकाना नहीं रहा। और कितनी ही कमिटियों का हिसाब आजतक मिल कामदार यूनियन को नहीं मिला। कमिटियों के कितने ही केसों के संचालन में, संगठन के बारे में यूनियन ने काफ़ी ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से काफ़ी असंतोष भी फैला। इन आन्दोलनों में सैकड़ों मज़दूर शामिल हुये परन्तु उन्हें संगठित नहीं किया जा सका। जमालपुर वाड, जहांपर व्यापारियों ने मज़दूरों की मांगों के समर्थन में हड़ताल की थी, आज वहां कुछ नहीं है। इन दिनों के दौरान में यूनियन की गलतियों, सफ़लताओं, असफ़लताओं के बावजूद जो गलतियां हुई वह यह कि संघर्ष के दौरान में वह संगठन बनाने में एकदम निष्फल रही।

परन्तु इन तमाम बातों के बावजूद यूनियन ने अपनी एकता की लाइन जारी रखी। उसने बराबर यह प्रयास किया कि विभिन्न मजदूर संगठन कॉमन सवालों पर एक होकर आन्दोलन चलायें। कानपुर का स्टैण्डर्डाइजेशन विरोधी हड़ताल के समर्थन में मिल कामगार यूनियन की एकता की कोशिश सफल रही। मिल कामगार यूनियन, मजदूर मंडल और दूसरी पार्टी यूनियनों ने मिल कर एक सभा पुराना आई टाउन में की। सभा का प्रमुख स्थान पर अड़कानी (सामान्य मंत्री, मजदूर मंडल) बोलने वाले थे। परन्तु वे नहीं आ सके। लगभग १८ यूनियनों ने इस मीटिंग में हिस्सा लिया। सभा कामयाब रही। एक कामगार फंड भेजने के लिये बनाये थे। परन्तु यह कुछ भी काम न कर सका। मिल कामगार यूनियन ने काफी फंड कानपुर भेजा। कानपुर के लिये फंड इकट्ठा करने में अरविन्द मिल के प्रमुख कार्यकर्ता मेरोलाल और अम्बिका नं २ के प्रमुख कार्यकर्ता डी. कालजी भाई को मील से निकाल दिया गया।

मार्च १९५८ में तमाम यूनियनों को एक होकर आन्दोलन चलाने की निगाह से एकता सप्ताह मनाया गया। ८ मार्च १९५८ को एक जुलूस निकाला गया और मीटिंग की गई।

२८ जुलाई १९५८ में २५% परेल मजदूरों में इजाफा किये जाने के बारे में मिल कामगार यूनियन ने आन्दोलन चलाया। मिलों के फाटक पर मीटिंग की गई। २५ हजार दस्तखत इकट्ठा करके किये गये। जुलूस निकाला गया और मीटिंग भी कांग्रेस हाउस के सामने की गई। मीटिंग और जुलूस दोनों कामयाब रहे।

८.

इस प्रश्न पर भी तमाम यूनियनों को एक होने की दावत दी गई थी। इस वक्त मज़दूर महाजन संघ को मीटिंग में शामिल होने की दावत दी गई थी। एक पत्रिका भी निकाली गई। मज़दूर महाजन संघ के मंत्री श्री सोमनाथ दवे ने अखबारों में एक बयान प्रकाशित कर बताया कि वे महाजन को छोड़कर किसी दूसरे की सभा में नहीं जाते। दूसरी यूनियन के नेताओं ने कोई जवाब नहीं दिया।

दूसरी एक २७ यूनियनों की संयुक्त मीटिंग P&T के मज़दूरों की मांगों के समर्थन में, और ८ अगस्त १९५८ को से होनेवाली हड़ताल को कुचलने के लिये केंद्रीय सरकार ने पार्लामेंट में जो Imergency Bill पेश किया था, के विरोध में हुई। इसमें मज़दूर मंडल और मिलकामदार यूनियन तथा दूसरी यूनियनें शामिल हुई। P.S.P. संचालित मज़दूर सभा इसमें भी शामिल नहीं हुई। मीटिंग में जनता परिषद के प्रमुख और पार्लामेंट के सभ्य श्री इन्दुलाल याज्ञिक भी बोले।

इस प्रकार से मिलकामदार यूनियन १९५१ से लेकर आज तक अहमदाबाद के टेक्सटाइल मज़दूरों, और उनमें काम करने वाली विभिन्न यूनियनों की एकता की अविराम गति से निरंतर कोशिश करती रही है।

— X —

टेक्सटाइल उद्योग के मज़दूरों में काम करने वाले विभिन्न संगठन.

अहमदाबाद के सूती वस्त्र उद्योग में निम्न लिखित विभिन्न विचार धाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनें काम करती हैं :-

मज़दूर महाजन (INTUC), मज़दूर सभा (Hind Mazdoor Sabha) मज़दूर मंडल (स्वतंत्र), मज़दूर संघ (लोहिया ग्रुप), मजूर पंचायत ([illegible]) और मिल कामदार यूनियन (A.I.T.U.C.)

अहमदाबाद में मिल कामदार यूनियन को इन यूनियनों में से महाजन को छोड़ कर बाकी की दूसरी यूनियनों को, सूती वस्त्र उद्योग के मज़दूरों के सवालों पर, एक करके आन्दोलन चलाना है।

<u>मज़दूर महाजन</u> के साथ आज की हालत में अहमदाबाद में किसी भी सूरत पर एक हो कर चलने का सवाल ही नहीं पैदा होता है। क्योंकि वह बहुत ही मज़बूत है। अहमदाबाद में इसकी ४० वर्ष पुरानी नींव है। वह नींव यहां के स्थानिक मज़दूरों में खास करके हरिजन और बाहरी मज़दूरों में बहुत ही गहरी है। इसलिये मज़दूर महाजन हमारी बात नहीं सुनने वाली है।

<u>मज़दूर सभा</u> की स्थानिक लीडरशिप की नीति एकदम एकता विरोधी है। भूतकाल में उनके साथ विशिष्ट प्रश्नों पर होकर आन्दोलन चलाने में निष्फलता मिली है। परन्तु आज जो देशव्यापी परिवर्तन हो रहे हैं, और जून १९५७ की H.M.S की कार्यकारिणी के प्रस्ताव तथा २८ मार्च १९५८ को मज़दूरों की मांगों पर देशव्यापी संयुक्त प्रदर्शन आदि को देखते हुए मज़दूर सभा के साथ एक होकर आन्दोलन

चलाने की संभावना को एकदम इंकार नहीं किया जा सकता है। यह सच है कि यहाँ की लीडरशिप आंदोलनों से प्रभाव नहीं देगी। और जनता की शोषण एकता की किसी भी हलचाल का विरोध करेगी। परन्तु यदि सही तरीके अख्तियार किये जाय और मजदूर सभा के निचले कार्यकर्ताओं से सम्पर्क स्थापित किया जाय और उन्हें एकता के महत्व को समझाया जाय तो निश्चित है कि हम मजदूर सभा की लीडरशिप को आगे बढ़ा उसकी एकता विरोधी लाइन से मुकाबला कर सकते हैं।

मजदूर मंडल के स्वरूप को हम सब अच्छी तरह से जानते हैं। उसके पास कोई विचार धारा नहीं है। वह वकीलों की पार्टी है।

आज की हालत में मजदूर मंडल के साथ मिलकर आन्दोलन चलाने की संभावना और यूनियनों के मुकाबले में ज्यादा है और यह हम १८ जनवरी के जुलूस और सभा से देख सकते हैं। यह एक बड़ी आशा का चिन्ह है। हमें उसका सही मूल्यांकन करना चाहिए और इस एकता का विकास कैसे हो इसके लिये सही लाइन अख्तियार करनी चाहिए।

मेम्बरशिप की निगाह से मजदूर मंडल महाजन के बाद दूसरे नंबर की यूनियन है। इसका टेकनीकल काम अन्य यूनियनों के मुकाबले में ज्यादा व्यवस्थित है। एक साल पहले इसका आधार बहुत व्यापक हो गया था। परन्तु इसकी मेम्बरशिप और आधार अब धीरे धीरे घटता जा रहा है। उसके अंदर आपसी झगड़ों, गुटबाजी, स्वार्थपरायणता की वजह से फूट पड़ गई है। ~~[illegible]~~ ~~[illegible]~~ इसकी वजह से मजदूरों का एक असरदार ग्रुप मंडल में से निकल कर मिल कामदार यूनियन में शामिल हो गया है।

कई कामरेडों का कहना है कि मजदूर मंडल ने संयुक्त जुलूस और संयुक्त मीटिंग के बारे में (१८ जनवरी पर) इस—

वह मंडल को जान कि उसकी ताकत बढ़ रही थी और उसने
नेताओं के खिलाफ आलोचनात्मक पत्रिकाएँ निकली हैं। एक तरह
यह बात सच है परन्तु हमें १९ जनवरी के जुलूस और मोर्चे को
केवल निगाह से देखना चाहिए? हमारी निगाह सिर्फ मंडल के
नेताओं तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। परन्तु इसके पीछे
जो मजदूर हैं और वे क्या चाहते हैं, इस पर हमें अपना ध्यान
केन्द्रित करना चाहिए। १९ जनवरी के जुलूस और मोर्चे में
दोनों संगठनों के मजदूरों को एक दूसरे के नजदीक आने
और समझने का मौका मिला है। इससे एक सुन्दर वातावरण
में निर्माण होगा। हमारी कोशिश जारी रहनी चाहिए
कि मंडल के मजदूरों में जो प्रमुख प्रतिनिधि हैं, उनसे हमारा
सम्पर्क और भाईचारा कायम हो तथा बढ़ जाये। अपने
आपसे हमें मंडल की टीका करने का टाल नहीं करना चाहिए।
हमारी टीका का उद्देश्य सिर्फ टीका के लिए न हो परन्तु समझने
और समझाने के लिये हो। आलोचना रचनात्मक होने से सही नीति
अख्तियार किये तो १९ जनवरी जैसे अनोखे मौके
में भी पैदा कर सकेंगे।

~~[illegible]~~ मजदूर संघ (लोहिया ग्रुप) का असर उत्तर
प्रदेश के पूर्वी जिले के लोगों में थोड़ा बहुत है। यों तो उनकी
लाइन डॉक्टर लोहिया की रहती नहीं की लाइन है। परन्तु
१९ जनवरी के जुलूस और मोर्चा में दिखाई भी देती कत
को भी। इससे आशा है काफी दिखाई पड़ते हैं।
मजदूर पंचायत शक्ति रही नेतृत्व नहीं है। उसका
कुछ भी असर नहीं है। [illegible] इसमें चलते हैं। मजदूरों
में इसका कोई काम नहीं है।

१२. एक बुनियादी मुद्दा बाकी रह गया। १६ जनवरी को जो संयुक्त जुलूस निकला और मीटिंग हुई इसका मूल कारण मजदूर मंडल का प्रतिरोध मंडल है। उसने पहल की और लीडरशिप को संयुक्त होने के लिये बाध्य किया। इस प्रकार हम देखते हैं कि अहमदाबाद में टेक्सटाइल मजदूरों की एकता का प्रश्न नीचे से -- सामान्य कार्यकर्ताओं और मज़दूरों की पहल पर आधारित है। आज की स्थिति में यह नितान्त आवश्यक बन गया है।

इसके लिये हमें मुख्यरूप से दो कार्य करने होंगे:—

१. तमाम यूनियनों के कार्यकर्ताओं से हमारा सम्पर्क बढ़ाना। उनके साथ भाईचारा कायम करना। उनकी लीडरशिप की एकता विरोधी नीति की इस प्रकार टीका करना कि उन्हें समझ में आ सके। टीका करते वक्त और व्यक्तिगत शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। टीका मित्रतापूर्ण हो। मीटिंगों और भाषणों में भी हमें यही तरीका अख्तियार करना चाहिए कि वे ठोस प्रश्नों पर अपने नेताओं को एकता के लिये मजबूर कर सकें।

२. विभिन्न मिलों में इन संगठनों के कार्यकर्ता काम करते हैं। वहां हमारे कार्यकर्ता भी काम करते हैं। इन मिलों के अनेक छोटे बड़े प्रश्न हैं। इन प्रश्नों पर एक होकर काम करने की काफी गुंजाइश है। अगर तमाम संगठनों या किसी एक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हम एक पत्रिका निकाल सकते हैं, एक संयुक्त गेट मीटिंग कर सकते हैं, या तो कैंटीन या कोऑपरेटिव सोसायटी के चुनावों में संयुक्त हो सकते हैं, तो हमें इन अवसरों को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

अगर हम ऊपर बताई गई दोनों बातों पर ध्यान दें और उन्हें अमल में लायें तो जो संभावनाएं हमारे सामने

है उनको मूर्तरूप दिया जा सकता है।

मज़दूर महाजन की नीति का हमें अच्छी तरह पर्दाफाश करना होगा। परन्तु मज़दूर महाजन के जो ईमानदार प्रतिनिधि हों उनके साथ सम्पर्क बढ़ा कर, इन्हें शिक्षित कर, महाजन के नेताओं की मज़दूर वर्ग विरोधी नीति को रोकना चाहिए।

जिला कमिटी/यूनियन

हमारी जिला कमिटी यूनियन की हालत क्या है?

आज जिला कमिटी यूनियन की हालत चिन्ताजनक है। ३५००) का कर्ज सिर के ऊपर है। होलटाइमरों का पूरा वेतन नहीं दिया जाता। आफिस का भाड़ा रुक जाता है। मकान मालिक हमेशा नोटिस की धमकी देता है। वकील को मेहनताना समय पर नहीं दिया जाता। प्रचार कार्य बिल्कुल ठप है। टेकनीकल व्यवस्था नहीं जैसी है। और इन तमाम बातों के अलावा लीडरशिप और रैंक-एण्ड-फाइल में निराशा और उदासीनता है। जो थोड़ा बहुत कामकाज चल रहा है, वह यंत्रवत है, उत्साह और आशा का उसमें नामोनिशान नहीं है।

क्यों? इस क्यों का जवाब देना बहुत ही मुश्किल है।

अहमदाबाद की हालत निराली है। यह गांधीवाद का गढ़ है। वर्षों से यहां पर मज़दूर महाजन काम कर रहा है। उसको काफी प्रतिष्ठा जुटी हो मिली है। उसके पास व्यवस्थित टेकनीकल और संगठनात्मक स्टाफ

१३. है। स्कूल, व्यायामशालाओं, हॉस्टेल, बैंक आदि के
जरिये उसने अपनी जड़ें बहुत गहरी कर ली है। गृह
मकानों की सहकारी सोसायटियां चलाती है। जाति
के पंचों पर उसका असर है। मिलों में चंदा उगाहने का
उसे अधिकार प्राप्त है। मिलों में अधिकारी उसके ही
प्रतिनिधियों की बातें सुनते हैं। वह प्रतिनिधि यूनियन
है। Bargaining Power उसके हाथ में है। उसने अहमदाबाद के
मज़दूरों में जबरदस्त वैधानिकता का भ्रम फैला रखा है। हमेशा
ही उसने अहमदाबाद के मज़दूरों को आन्दोलन से दूर रखने की
चेष्टा की है।

यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है
कि महाजन के प्रति मज़दूरों में अविश्वास पैदा होता
जा रहा है। उसकी समग्र कार्यपद्धति, मज़दूर विरोधी
करार, काम की हालत, रेशनलाइज़ेशन आदि बातों
ने मज़दूरों में उसके प्रति व्यापक असंतोष फैला दिया
है। महागुजरात के आन्दोलन ने उसके दुर्जय किले
की दीवारों को बुरी तरह से झकझोर दिया है। खंडु भाई
देसाई की आम चुनाव में हार और वसावड़ा साहब
का बाल बाल बच जाना इस बात का ज्वलंत प्रमाण
है। इतना ही नहीं। लगभग २५ मिलों में मिल कामदार
यूनियन के चुने हुए प्रतिनिधि कैंटीन और क्रेडिट
सोसायटियों (तथा प्राविडेंट फंड ट्रस्टी बोर्ड) में हैं। ~~[illegible]~~ इससे साफ़
ज़ाहिर होता है कि मिल कामदार यूनियन की प्रतिष्ठा
मज़दूरों में व्यापक प्रमाण है। अगर आज तमाम कार्यकर्ताओं
को सक्रिय बनाया जा सके तो काम करने की जो संभावनाएं
आज हैं वे पिछले कभी भी नहीं थीं। यूनियन की मेम्बरशिप
बढ़ाई जा सकती है और मज़दूरों के बुनियादी

सवालों पर व्यापक आन्दोलन खड़ा किया जा सकता है।

१-४-५७ से ३१-३-५८ तक के यूनियन के

कार्य

कानूनी काम काज के अलावा यूनियन ने अलग अलग मीलों में उठते हुए रोजमर्रा के प्रश्नों को भी हाथ में लिया। किसी मिल में सूत की खराबी का प्रश्न था या तो इसी किस्म का कोई दूसरा सवाल। ऐसे सवालों पर यूनियन ने पत्रिकायें निकाली, गेट मीटिंगें कीं। इसमें आंशिक सफलतायें मिली।

बोनस

१९५७ का जो बोनस का समझौता मजदूर महाजन ने मिल मालिकों के साथ किया उसकी वजह से मजदूरों ~~के व्यापक असंतोष~~ बड़े हिस्से में व्यापक असंतोष फैल गया। इसकी वजह से १५, १७, १८ अक्टूबर को न्यु गुजरात कॉटन, मोनोग्राम, मार्सडेन, सिल्वर तथा मालाकिया मीलों में हड़ताल हो गई।

१९५७ का बोनस, २१ मीलों को ३ महीने का, २४ मीलों का ७५ दिन का और बाकी की मीलों का ३८ दिन से ५५ दिन तक का मिला। इसलिये बोनस के समझौते के खिलाफ जो असंतोष पैदा हुआ वह भी सीमित डिग्री का था। यही वजह है कि जबसे बोनस का पंचवर्षीय करार हुआ तब से इस प्रश्न पर बड़ा आन्दोलन नहीं खड़ा हो सका। परन्तु यह हड़ताल, पिछले चार वर्षों से बोनस के प्रश्न पर जो कदर हो रहे थे,

इसके खिलाफ़ मज़दूरों में पैदा होने वाले असंतोष का खुला प्रदर्शन था।

हालांकि यह प्रश्न ५ मीलों की स्वयंस्फूर्त हड़ताल से सुलझने वाला नहीं था। इसके लिये अहमदाबाद के कपड़ा उद्योग में काम करने वाले तमाम मज़दूरों को संगठित करने और आन्दोलन चलाने का प्रश्न था। यूनियन को ज्यों ही हड़ताल की खबर पड़ी फौरन ओहदेदारों की मीटिंग बुलाकर पूरी हालत की चर्चा करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि इस सवाल पर इन पांच मीलों की हड़ताल से काम नहीं चल सकता। पूरे ६५ मीलों को जिनमें १५ दिन का बोनस दिया गया है, संगठित करके आन्दोलन चलाना चाहिए। इसके लिये एक पत्रिका फौरन निकाली गई। पत्रिका का असर भी अच्छा पड़ा।

फौरन ही इन मीलों से सम्पर्क स्थापित किया गया। न्यु गुजरात कॉटन मील में हड़ताल भी बन गई। परन्तु दूसरी मीलों में ऐसा नहीं किया जा सका। मानो ग्राम मील में जहां हमारा काम और असर भी है वहां मज़दूर कंपनी के एजेंटों के भड़काने में आकर किसी भी प्रकार के संगठन के लिये तैयार नहीं हुए। इधर लेबर कोर्ट ने हड़ताल को गैर कानूनी जाहिर कर दिया। दो दिन में हड़ताल खत्म हो गई और कोई बड़ा आन्दोलन खड़ा नहीं किया जा सका।

इस हड़ताल में यूनियन ने जो सही लाइन अख्तियार की और मज़दूरों से सम्पर्क स्थापित किया उसकी वजह से यूनियन की इज्जत बढ़ी।

हड़ताल ने हड़ताल का विरोध किया। मज़दूर मंडल के मंत्री श्री चन्द्रकान्त रहे — न्यु गुजरात कॉटन मिल के मंडल के प्रतिनिधियों को कहा पहिले हड़ताल खत्म कर दो बाद में कुछ बात करना। मज़दूर सभा लगातार लोगों का ख्याल दूर ही रही।

न्यु गुजरात कॉटन और दीपक मिलों की तीसरी पालियों का बंद होना.

न्यु गुजरात कॉटन और दीपक मिल की तीसरी पाली के बंद होने का नोटिस दिसम्बर के अंत में लगा। यूनियन ने इसके खिलाफ़ आन्दोलन चलाने का निम्नलिखित फैसला किया :-

1. अखबारों में निवेदन करना,
2. मिलों के झांपो पर मीटिंग,
3. हेंडबिल निकालना,
4. मज़दूरों के दस्तख़त लेकर मज़दूर प्रधान बम्बई और दिल्ली को अर्जी करना,
5. जुलूस निकाल कर कलक्टर को मिलना।

दोनों मिलों की तीसरी पाली के मज़दूरों के दस्तख़त लेकर बम्बई और दिल्ली के मज़दूर प्रधानों को मेमोरेन्डम भेजा गया। बम्बई के मज़दूर प्रधान ने जवाब देने की तकलीफ़ ही नहीं उठाई जबकि दिल्ली से जवाब मिला कि सरकार इसमें मामले में कुछ नहीं कर सकती है। दो जुलूस निकाले गये।

एक डैपुटेशन कोशकल में कलेक्टर को मिला। कलेक्टर ने
१५. सरकार को लिखने का आश्वासन दिया। दूसरा एक हफ्ते के बाद निकाला गया। शाहपुर में मीटिंग हुई। मीटिंग की सदारत शाहपुर वार्ड के म्युनिसीपल कारपोरेटर श्री मुन्शीजी ने की। सभा में दो दूसरे म्युनिसीपल कारपोरेटर श्री वासुदेव त्रिपाठी तथा श्री भानुपाल कोवाला बोले। सभा में तीसरी पाली को चालू करने की मांग की गई।

भरतखंड टेक्सटाइल

भरतखंड टेक्सटाइल में लम्बे अर्से से महंगाई भत्ता १० तारीख को नहीं दिया जाता था। मजदूर महाजन इसके लिये कुछ भी करने को तैयार नहीं थी। इस मिल में मजदूर मंडल का भी काफी असर था। परन्तु इस यूनियन पर उसने भी कुछ नहीं किया। अंत में परेशान होकर मजदूरों ने ११-११-५४ को हड़ताल कर दी। महाजन ने हड़ताल तोड़ने की कोशिश की परन्तु कामयाबी नहीं मिली। मंडल के प्रतिनिधि टेल साहब के पास गये। परन्तु उन्होंने कहा कि पहले हड़ताल खत्म कर दो फिर मेरे पास आओ।

इस हड़ताल को यूनियन के प्रमुख कार्यकर्ता श्री शंकरजी और हमदूम साथी किशनलाल ने यूनियन के आदेश के मुताबिक चलाया। कुछ मजदूरों के साथ श्री शंकरजी भूखहड़ताल पर बैठ गये। कंपनी ने भी शंकरजी को बातचीत करने के लिये बुलाया। अंत में कंपनी ने नोटिस लगाया:-

१. पिछले महीने का महंगाई भत्ता फौरन दे दिया जायगा,

२. आगामी महीने से १० तारीख तक महंगाई भत्ता

दे दिया जायगा।

3. हड़ताल में भाग लेने वाले किसी भी मज़दूर के खिलाफ़ कोई एक्शन नहीं लिया जायगा। 38

10 वर्षों से उत्तरखंड टेक्सटाइल मिल के मज़दूरों को समय से महगाई भत्ता नहीं मिल रहा था। अन्त में मज़दूरों की एकता और दृढ़ता ने उन्हें नियत समय पर महगाई भत्ता दिलाया।

इसके सिवा अलग मिलों में उठने वाले सवालों को मिल कमेटी यूनियन ने हल किये। परन्तु कोई डेढ़ वर्ष उल्लेखनीय आन्दोलन नहीं चला।

यूनियन की संगठनात्मक हालत

यूनियन की संगठनात्मक हालत बहुत ही कमज़ोर है। यूनियन के तमाम पुराने कार्यकर्ता ख़त्म जैसे हो गये हैं। उनमें कितने शक्तिशाली साथी भी हैं। इनकी निष्क्रियता नये आने वाले कार्यकर्ताओं पर भी बुरा असर डालती है। नये साथी कुछ दिन तक बड़े उत्साह से काम करते हैं। फिर पुराने कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता उन पर भी असर डालने लगती है।

यूनियन का जो चंदा आ रहा है वह ज्यादातर नई मिलों जो थोड़ा बहुत काम शुरू हुआ है, उसकी वजह से है। और जहां पर ज्यादातर नये कार्यकर्ता हैं। पुरानी मिलों जहां हमारा काम काफ़ी पुराना है चंदा या तो बंद हो गया है या तो लगभग बंदी होने के करीब आ चुका है। हालांकि इन मिलों में हमारे पुराने साथी अभी भी मिलों में

१६ कितने ही सवालों को हल करते, मिल में मजदूरों की उनकी आस्था भी है, परन्तु कितने बार ऐसे मिलमजदूर काम करने के बाद भी संगठन में आने और चंदा उगाने की तरफ ध्यान नहीं देते।

इसका कुछ कारण तो पिछले दिनों यूनियन के द्वारा इन मिलों के सवालों को हल करने में जो गलतियां हुई हैं, वह है। दूसरा कारण यह है कि जो कानूनी काम होता है, या हो सकता है, उससे ज्यादा अपेक्षा रखी गई है। दोनों ही कारणों की वजह से दुराव आया है। इसमें यूनियन की मुख्य गलती यह है कि इसने कार्यकर्ताओं की शिक्षा का समुचित प्रबंध नहीं किया। वह हालत फौरन भी चालू है। जल्दी ही उसे दूर करना चाहिए।

चंदा बढ़ाने के लिये निम्नलिखित काम फौरन ही किये जाने चाहिए:—

१. मिलों के अंदर उठने वाले रोजमर्रा के प्रश्नों को मिलों में ही हल किया जाना,

२. ~~आआश्र~~ आफिस से ~~स~~ मिलों के रोज-ब-रोज के प्रश्नों को हल करना,

3. प्रचार.

१. मिलों के अंदर आज की हालत में काफी काम किया जा सकता है। यह सच है कि जहां तक महाजन के प्रतिनिधि की बात अधिकारी सुनेंगे, वहां हमारे प्रतिनिधि की बात नहीं सुनी जायगी। परन्तु अब पुरानी परिस्थिति नहीं रही है। कितनी ही मिलों के अंदर हमारे बहुत से कार्यकर्ता

कितने ही सवालों को कुशलतापूर्वक हल करते हैं। परन्तु यह कार्य, मील में काम करने वाले कार्यकर्ता की पहल, उसका अधिकारियों से सम्बंध, मजदूरों पर असर और प्रश्न को हल करने के तरीके से सम्बंधित है।

2. आफिस द्वारा कार्य आज भी होता है। परन्तु इस कार्य की रफ्तार को ज्यादा तेज करने की जरूरत है। मीलों में जाकर इन्क्वायरी, कानूनी काम आदि जितनी जल्दी हो सके निपटाने की कोशिश करना।

3. मीलों में रोजाना उठते हुए सवालों पर हैंडबिल, गेट मीटिंग, जुलूस आदि का आयोजन।

अगर हम ऊपर बताये गये कामों को हम कर सकें तो इसमें सन्देह नहीं कि हमारी यूनियन की मेम्बरशिप, संगठन, तीन गुनी बढ़ सकती है। वास्तविक हालत मौजूद है। संगठन और यूनियन के असर के दरम्यान जो खाई है उसे जल्दी ही दूर करना चाहिए। तमाम कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाना चाहिए। काम करने के रास्ते में क्या मुसीबतें आती हैं, उनका बारीकी से अभ्यास करके उन्हें दूर किया जाना चाहिए।

मील कमेटी

अभी मील कमेटी बनने जैसी स्थिति नहीं पैदा हुई है। ज्यादातर हमारा काम खाताखाते में है। धीरे धीरे दूसरे खातों में हमारा काम बढ़ रहा है। परन्तु तुलनात्मक दृष्टि से वह नहीं जैसा है।

एक मील में जितने भी हमारे कार्यकर्ता काम करते

22.

उन सबका संगठन बनाना आवश्यक है। कितनी मीलों में खातेखाते में हमारे खातावार प्रतिनिधि हैं। हर प्रतिनिधि भी है। अक्सर उनकी मीटिंग उनके मील के प्रश्नों पर होती रहती है। इसकी वजह से प्रतिनिधि उनके प्रश्नों को समझती है और उन्हें हल करने की कोशिश करती है। परन्तु कितनी ही मीलों खातावार प्रतिनिधि नहीं हैं। परन्तु इक्के दुक्के कार्यकर्ता हैं जिनके जरिये यूनियन का कार्य ~~करके~~ होता है। ऐसी मीलों में जहां तक हो सके खातावार प्रतिनिधि खड़े करने चाहिये। इससे यूनियन का बल भी बढ़ेगा और काम भी अच्छा होगा।

कई मीलों में हमारे कामरेड काम करते हैं परन्तु न तो उनका पता लगता है और न तो उन मीलों में काम ही कुछ होता है। पिछले दिनों इस हालत को खतम करने की कोशिश की गई परन्तु इसमें सफलता नहीं मिली। इन मीलों के कामरेडों से मिलकर फिर से कोशिश की जानी चाहिये और इस हालत को जल्दी ही खतम किया जाना चाहिये।

वार्ड कमेटियां

मिल कामदार यूनियन का काम सिर्फ मीलों में काम करने के आधार पर नहीं चल सकता। इसको मजबूत ~~कम~~ वार्ड कमेटियां और जहां कहीं भी संभव हो चाल ग्रुप या चाल कमेटियां बनाकर काम होना चाहिये। अभी वार्ड कमेटियों का काम लगभग ठप जैसा है। जो जिन्दा वार्ड कमेटियां मानी जाती हैं जैसे नरोडा

चान्दपुर, सरसपुर, मनीनगर, उनका भी कुछ काम नहीं चलता है। वर्किंग कमिटी की मीटिंग साल में सिर्फ एकही बार मिलती है। जबकि यूनियन की ~~मीट~~ मिनीटिंग के लिये नामों का सुझाव करना होता है और वर्किंग सेक्रेटरी चुनना होता है और ये वर्किंग सेक्रेटरी फिर कभी भी मीटिंग नहीं बुलाते। अगर कोई बड़ा सवाल आ जाय और वर्किंग की मीटिंग बुलाने के लिये उन्हें कहा जाय तोभी वर्किंग की मीटिंग मिलेगी नहीं तो नहीं।

सच बात यह है कि जब से मीलों में लवाजम उगाना शुरू हुआ है तब से वर्किंग कमिटियों का संगठन एकदम ढीला पड़ गया है। उसे फिर से मजबूत तथा पुनर्जीवित किया जाना चाहिये। जबतक इनका संगठन बराबर नहीं होगा यूनियन का काम भी बराबर नहीं चलेगा। वर्किंग कमिटियों द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाने चाहिये:-

1. मजदूरों के अहम सवालों पर चाल मीटिंग, गेट मीटिंग, प्रचार कार्य आदि।
2. चालों की सफाई, म्युनिसिपल कार्य आदि।
3. लवाजम उगाना, यूनियन के लिये फंड आदि.

जनरल कौंसिल

लगभग तीन वर्षों से यूनियन की जनरल कौंसिल बनाई गई है। इसके सदस्य वे

23. वे लोग होते हैं जो कमसे कम पांच मजदूरों का लवाजम उठाते हैं।

इसका काम यूनियन के लिये नीति तय करना तथा और महत्वपूर्ण सवालों पी आन्दोलन चलाना है। हर तीन महीने में यूनियन के कार्य की रिपोर्ट इस जनरल काउंसिल में रखी जाती है। जनरल काउंसिल में हर वर्ष यूनियन की मेनेजिंग कमेटी और ओहदेदारों का ~~बु~~ चुनाव होता है।

अभी तक जनरल काउंसिल के फंक्शनिंग में पूरी सफलता नहीं मिली है। हालांकि उसकी हर तीन महीने में मीटिंग भी होती है और उसके सामने त्रैमासिक रिपोर्ट भी रखी जाती है फिर भी जो उसके बनाने का उद्देश्य है वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि जो बिरादरी जनरल काउंसिल के सभ्य हैं वे उसकी मीटिंगों में ज्यादातर गैरहाजिर रहते हैं। इसलिये फैसले लेने और अमल करने में बड़ी दिक्कत होती है। इसके लिये एक प्रयोग और किया गया। यूनियन के साधारण सभ्य जो सूझ बूझ रखते हैं अक्सर उन्हें भी ऐसी मीटिंग में आमंत्रित किया जाता रहा है। परिणाम यह हुआ कि आमंत्रित बिरादरों की संख्या ~~की~~ जनरल काउंसिल के सभ्यों से ज्यादा ~~हो गई~~ रही।

अगले वर्ष जनरल काउंसिल के संगठन को ज्यादा ठोस रूप दिया जाना चाहिए। उसके सदस्यों को मीटिंगों में हाजिर रहने की सख्त ताकीद की जानी चाहिए। अगर जनरल काउंसिल की मीटिंगों में कुछ

उसके साथ हाजिर रहेंगे तो ही यूनियन के लिये नीति तय करते हैं, फैसले लेते हैं और फैसलों पर अमल करने में आसानी होगी। यूनियन का कार्य भी सुचारु रूप से चलेगा।

मैनेजिंग कमेटी

मैनेजिंग कमेटी यह जनरल काउंसिल के बाद सबसे बड़ा संगठन है। इसमें यूनियन की नीति तय करते हैं, कपड़ा मज़दूरों का संगठन बनाने में तथा, उनकी मांगों के लिये आंदोलन चलाने में बड़ा योग देता है। इसे अहमदाबाद के एक लाख बीस हजार कपड़ा मज़दूरों की अगवानी करनी है।

चूंकि हमारी मैनेजिंग कमेटी का संगठन बहुत ही कमजोर है। इसमें कितने ही बिरादर ऐसे हैं जो कि दूसरे मज़दूरों का लवाजम उगाना तो दूर रहा, नियमित रूप से खुद का लवाजम भी नहीं देते। ऐसे बिरादरों को कई बक्त ताकीद करते हैं बाद भी खुद का लवाजम नहीं भरते हैं। कई बिरादर ऐसे भी हैं जो ज्यादातर मीटिंगों में हाजिरी भी नहीं देते हैं।

अक्सर ऐसे बिरादरों के नामों का सुझाव बड़े कोठारियों की तरफ से आता है। आशा लगाई जाती है कि जिनके नामों का सुझाव किया जा रहा है वे

नियमित काम करेंगे। परन्तु ऐसा नहीं होता। मैनेजिंग
२५. कमेटी मीटिंग्स के सिवा उनका कोई अलग यूनियन से
आफिस से नाता होता। कई सेक्रेटरी ऐसे हैं जो कि जनरल
काउंसिल, या तो सभा सोसाइटी में भी भाग नहीं लेते।

इसलिये इस वर्ष के लिये जिन सेक्रेटरी का नाम मैनेजिंग के लिये पेश किया जाय उनके बारे में निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखा जाय :-

1. खुद का लवाजम देते हैं या नहीं,
2. दूसरे मजदूरों का लवाजम उगाते हैं या नहीं,
3. यूनियन के कामकाज जैसे कि सभाओं, जुलूसों आदि में भाग लेते हैं या नहीं
4. वार्डों के समाचार में दिलचस्पी लेते हैं या नहीं।

अगर ऊपर बताई गई शर्तों का पालन जिन सेक्रेटरियों ने पिछले वर्ष न किया हो तो इस साल मैनेजिंग कमेटी में नहीं चुनना चाहिये. चाहे वे कितने ही [illegible] क्यों पुराने और आफिसरी क्यों न हों। एक बात बिल्कुल साफ है कि जबतक यूनियन की एक मजबूत और [illegible] कार्यकारिणी नहीं होगी तब तक यूनियन का काम नहीं चल सकता।

आज यूनियन के सामने [illegible] हो गये हैं पार्ट टाइम सेक्रेटरियों जिन्हें यूनियन के ओहदों पर चुना जाता है, वे भी मीटिंगों के सिवा कभी यूनियन के आफिस पर नहीं आते और न वार्डों में ही संगठन के काम में रस लेते हैं। इसलिये चाहिये कि चुनाव में भी सतर्कता का

इस्तेमाल करना चाहिए। अगर ये ओवरसियर यूनियन के संगठन के कार्य नहीं करते तो यूनियन को संगठित होना करेगा।

तीन चार होलटाइमरों से ये अपेक्षा करना कि वे होलटाइमरों के कामों को भी करेंगे, यूनियन के संगठन के कार्य कर भी लेंगे और आन्दोलन भी चलायेंगे, तो कोई भी काम ढंग से नहीं हो सकेगा। परिणाम में आपसी झगड़े, अविश्वास और निराशा कुंठा में ~~[illegible]~~ वातावरण रहेगा।

दूसरे होलटाइमरों को वेतन की भी व्यवस्था होनी चाहिए। आज जो वेतन होलटाइमरों को दिया जाता है वह एकदम ही कम है और वह भी नियमित नहीं दिया जाता है। परिणाम में होलटाइमरों के ऊपर काफी कर्ज चढ़ गया है। ~~[illegible]~~

क्योंकि हालत की खराबी की वजह से हमारा प्रचार और टेकनीकल तंत्र बहुत ही कमजोर है। इसके लिये हमें निम्नलिखित कार्य करने चाहिए

१. पोस्टर प्रचार

२. चालियों में ग्रुप बनाकर जाना, सभा, जुलूस, पोस्टर आदि द्वारा प्रचार

३. यूनियन की मेम्बरशिप ५००० पर ले जाना

२८. ४. मिल कमेटियां, वर्क कमेटियां, ज्वाइन्ट काउंसिल, मैनेजिंग कमेटी का व्यवस्थित होना,

५. कार्यकर्ताओं की शिक्षा का प्रबंध,

६. विभिन्न स्थान के मजदूरों में एकता कायम करने के लिये आन्दोलन करना

७. रेशनलाइज़ेशन, बोनस, पगार, बीमा योजना आदि प्रश्नों पर आन्दोलन चलाना

८. यूनियन के खास प्रश्नों पर स्पष्ट पकड़ करना।

—— x ——

261

BOMBAY STATE TEXTILE WORKERS' CONFERENCE

TUR
8.40
13

A conference of textile workers in Bombay State was convened in Bombay City on November 28-29. More than 700 delegates participated, of whom nearly 100 were from outside Bombay City.

Com.S.M.Joshi, MLA, President, Mumbai Girani Kamgar Union presided over the conference. Com.S.A.Dange, M.P., General Secretary, AITUC, greeted the delegates.

The conference noted the millowners' offensive which was particularly marked during the last two years. Thousands of workers have been rendered jobless by outright closures of mills, heavy retrenchment and introduction of automatic machinery.

The main offensive of the millowners in the State now centres round their objective of introducing 4-loom and 4-side working. In several centres, the INTUC unions have openly entered into agreements with millowners in their attacks on jobs and wages of the workers.

The conference viewed with concern the delay in submission of the report of the Textile Wage Board and demanded an immediate wage increase of 25%.

In a resolution on closures, the conference criticised the failure of the Government of India in implementing the decisions of the tripartite Nainital Conference.
The resolution suggested establishment of an autonomous corporation to take over management of closed mills and offered necessary cooperation to Government, if it takes adequate steps in this direction.

The conference also demanded modification of the Bombay Industrial Relations Act, in the light of recent tripartite decisions.

Regarding ESI, the conference demanded 50% reduction in workers' contribution, immediate construction of hospitals, extension of medical care to families of insured workers and improved sickness benefits.

The formation of united organisations of textile workers in Bombay State, irrespective of political or other affiliations, was greeted by the conference. A call was given to intensify efforts to form one union in one industry, including unions of INTUC also in this campaign.

A 13-member Action Committee was constituted, to formulate ways and means of struggle to win the demands of textile workers in the State. The conference ended in a mass rally on November 29, in which over 30,000 textile workers participated.

PRODUCTION OF LITERATURE FOR
WORKERS' EDUCATION

TUR
8.10
13

Proposals for production of literature and audio-visual aids under the workers' education scheme was discussed by a sub-committee of the Central Board of Workers Education at its meeting in Bombay on November 29.

It was decided that booklets written in simple language, understandable to the ordinary literate worker who has little or no general education, should be published. Copies of such booklets will be given free to all worker-teacher trainees and literate worker trainees at unit level. Copies should also be given free upto a certain number to trade unions and other institutions undertaking workers' education programmes. In other cases, a nominal price should be charged.

The committee decided to seek the advice of the ILO Expert now working with the Union Labour Ministry, in the matter of syllabus, etc.

Com.M.K.Pandhe attended the meeting on behalf of the AITUC.

HIMACHAL TRANSPORT WORKERS' GAINS

Daily-rated workers have been made regular and house-rent allowance of Rs.10 to 15 has been granted to the road transport workers in Himachal Pradesh.

The workers also won a significant victory when the Himachal Pradesh Administration accorded recognition to their most representative organisation, the Himachal Transport Workers' Union (AITUC), Simla.

SUB-COMMITTEE ON CODE OF DISCIPLINE

A meeting of the sub-committee on Discipline in Industry and Labour Participation in Management was held at New Delhi on December 8. Shri Gulzarilal Nanda, Union Labour Minister, presided.

The sole item on the agenda was consideration of the proposed Code of Efficiency and Welfare. The opposition of both employers and workers to such a Code (though from differing standpoints) had already been expressed on a number of previous occasions. Hence, Shri Nanda in his introductory remarks made it clear that his Ministry was not insisting on getting approval for any "Code" as such, nor were the draft which had been circulated to be taken as rigid or final, even in the Ministry's own thinking.

Shri Nanda also admitted that unless the Code of Discipline was observed more faithfully by all concerned and the climate of industrial relations improved thereby, there was no utility in adopting yet another Code. Nevertheless, he wanted employers and workers to give serious thought to the inter-connected problems of discipline, efficiency, productivity, welfare, etc., and to make suggestions on how to improve them.

In the discussion that followed, Shri Naval Tata, the main spokesman of the employers, complained that they were being unfairly charged with non-observance of the Code. He felt that Government, as employer, should demonstrate how to work the Code practically in some selected Public Sector units, instead of criticising the private sector. Shri Tata also referred to what he called a "breach" of the Code when workers resort to hartal on the occasion of death or funeral

of one of their fellow workers or of some prominent public figure.

Shri Nanda differed from this view and held that such instances were distinct from industrial disputes and hence fell outside the purview of the Code.

Another employers' delegate, Shri Lakshmipat Singhania, claimed that the bulk of important employers faithfully observe the Code, while workers do not. But it was difficult to get observance from the large number of small-scale employers.

The representatives of the central TU organisations, particularly of AITUC and HMS, gave numerous examples of violations of the Code by employers and State Governments and also pointed out the utter inadequacy of the machinery for evaluation and implementation.

They also stated that problems of industrial efficiency cannot be tackled without reliable data, because generally, it is found that production and productivity are rising while workers are getting nothing in return.

The AITUC representative also mentioned that the Code of Discipline cannot be taken seriously by the workers when they see that even the tripartite agreements of the various Indian Labour Conferences are not respected by the Government itself.

For example, he referred to the report of the Central Pay Commission which revealed that the Finance Ministry did not consider the Government of India to be bound by the minimum wage norms accepted at the 15th Indian Labour Conference.

After discussion, the following broad conclusions were reached:

1. A small sub-committee would be set up to frame a questionnaire, for collecting data regarding various aspects of the productivity and efficiency problems.

2. On the basis of the data obtained, a seminar might be arranged by the Labour Ministry. The object is to try to secure agreement on at least some guiding principles.

3. These principles might be tried out for concrete implementation in a few pilot projects.

4. More intensive efforts should be made to secure better observance of the Code of Discipline by all parties.

The AITUC was represented at the meeting by Com.Indrajit Gupta, Secretary.

REPORT OF CEMENT WAGE BOARD

The AITUC has been informed by the Union Labour Ministry that Government do not propose to release the report of the Cement Wage Board, till the Government takes a decision on the Board's recommendations.

The AITUC had asked for immediate release of the Report since the main recommendations of the Report had been leaked out to the press.

LOAN FROM P.F. FOR FLOOD-AFFECTED WORKERS IN W.BENGAL

The Union Labour Ministry has ordered for grant of loan of Rs.100 or members' own contribution, whichever be less, in each case to the members of the Employees' Provident Fund, who have been affected by the recent floods in W.Bengal.

Orders have also been issued permitting the grant of similar loans to members, who are working in factories exempted from the operation of the E.P.F.Scheme, 1952.

This was communicated to the AITUC by the Labour Ministry in reply to a representation made by the AITUC for grant of loans more liberally out of provident funds, as relief for flood victims.

NOTICE

Letters addressed to the AITUC and the Trade Union Record should state the Delhi Delivery Zone (New Delhi-1) as below:

All-India Trade Union Congress,
4 Ashok Road,
New Delhi-1.

Trade Union Record,
4 Ashok Road,
New Delhi-1.

TUR.
8.10
13

RAJNANDGAON TEXTILE WORKERS

STRUGGLE AGAINST CLOSURE

Textile workers of Rajnandgaon, unemployed for over three months now, following the closure of the B.N.C. Mills have launched a satyagraha from December 3 for the reopening of the mills.

The satyagraha is led by the Lal Zanda Mill Mazdoor Sangh. 59 satyagrahis courted arrest within the first three days.

Earlier, Government had appointed an Inquiry Committee to go into the affairs of the mills but no concrete steps had been taken. An assurance given on October 18 by Madhya Pradesh Labour Minister Shri Dravid that the mills would be reopened soon, has also remained unfulfilled.

STRUGGLE AGAINST RATIONALISATION
AND RETRENCHMENT IN TEXTILE INDUSTRY

INDORE

-

The conference of the Mill Mazdoor Union, Indore held on November 26, under the presidentship of Com. Shivnarayan Sriwastava, strongly condemned the millowners' efforts to impose increase in workload and retrenchment.

The union appealed to the workers to fight unitedly against the offensive. The conference demanded bonus for 1958 and early publication of the report of the Textile Wage Board.

SHOLAPUR

The Sholapur Girani Kamgar Union at its general

meeting held on November 22, noted that the millowners' rationalisation offensive would result in rendering over 3000 workers jobless.

The meeting decided on steps to resist the retrenchment and rationalisation offensive.

The report presented at the meeting stated that the union which is a united and independent organisation has enrolled over 8000 members during the year and has challenged the representative character of the INTUC union in Sholapur textiles.

For the new term, Com.R.S.Ranashingare was elected President and Com.B.Y.Kulkarni, General Secretary.

KANPUR PRESS WORKERS WIN BONUS

The Industrial Tribunal, U.P., has recently awarded Rs.2400 as bonus for the year 1956-57 to the workers of Sadhana Press, Kanpur.

The workers were represented before the Tribunal by the Kanpur Press Workers Union (AITUC).

~~ANDHRA PRADESH HOSPITAL WORKERS' DEMANDS~~

TNR 8-00 13

MEETING OF LABOUR ADVISORY BOARD, DELHI

The Labour Advisory Board, Delhi, which met on September 22, approved a scheme for construction of 1600 quarters for industrial workers during the 3rd Plan period, at an estimated cost of Rs. 75 lakhs.

The Board also approved a suggestion to make funds available for conducting tours of workers to places of national and historical importance.

On the suggestion of the AITUC representative, the Board recommended ~~xxxxxxx~~ doubling of the amount proposed for legal assistance to unions (Rs.20,000 during the Third Plan period).

According to the Labour Officer, Delhi, it was not possible to implement the scheme for setting up canteens, due to lack of cooperation from employers'and workers' organisations.

Com.B.D.Joshi and Com.A.C.Nanda, President and General Secretary of the Delhi Committee of the AITUC participated in the Board meeting.

TVR 8.10 13

NO TRIPARTITE MEET ON BANKING DISPUTE POSSIBLE, SAYS MINISTER

Shri G.L.Nanda, Union Minister for Labour and Employment has ruled out the possibility of holding another tripartite conference to resolve the banking dispute. He said the differences between the parties were of a very wide nature and the Government were thinking of the next step themselves.

The Union Labour Minister was replying to a question by Shri S.M.Banerjee, M.P., in the Lok Sabha on December 2.

Replying to a question the same day, Dy. Labour Minister Shri Abid Ali said that employers were in favour of setting up a National Tribunal in this regard.

THREATENED CLOSURE OF GULBARGA TEXTILE MILL

The management of the Mahboob Shahi Mills, Gulbarga (Mysore State) have announced closure of the mill by end of December. It is alleged that the mill is facing financial difficulties, said to be as a result of financial swindling and squabbles among owners.

